प्रश्नोतर से सबंधित परिशिष्ट
भाग - 135 परिशिष्ट 'दो' परिशिष्ट-एक [21/7/2017]

प्रश्न सं. [ क्र. 135 ]

**मध्य प्रदेश शासन**
**स्कूल शिक्षा विभाग**
**मंत्रालय**

भोपाल, दिनांक 25/08/2006

क्रमांक एफ 44–12/20–2/2006

प्रति,

आयुक्त,
लोक शिक्षण
म0प्र0 भोपाल ।

विषयः–प्रदेश में नये स्कूल खोलने उन्नयन करने संबंधी मापदण्ड निर्धारण बावत ।

–0–

प्रदेश के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नये हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने/ उन्नयन किये जाने हेतु निर्धारित मापदण्ड संलग्न है ।

संलग्न–परिशिष्ट एक एवं दो

हस्ता0/–
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

भोपाल, दिनांक 25.08.2006

पृ. क्रमांक एफ 44–12/20–2/2006

प्रतिलिपिः–

1–सचिव, म0प्र0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल ।
2–सचिव, म0प्र0 शासन, वित्त विभाग, भोपाल ।
3–सचिव, म0प्र0 शासन, आदिम जाति अनुसूचित जाति कल्याण विभाग भोपाल।
4–समस्त संभागीय आयुक्त, म0प्र0
5–समस्त कलेक्टर, म0प्र0 ।
6–समस्त संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, म0 प्र0 ।
7–समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, म0प्र0 ।

हस्ता0/–
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

Kusum
अनुभाग अधिकारी
स्कूल शिक्षा विभाग
शाखा-2

परिशिष्ट–2

## ग्रामीण क्षेत्रों में हाईस्कूल व उच्चतर माध्यमिक शालाऐं खोलने हेतु वर्तमान तथा नये मापदण्ड

| क. | मद | उच्चतर माध्यमिक विद्यालय | | | हाई स्कूल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्तमान मापदण्ड | | नये मापदण्ड | वर्तमान मापदण्ड | | नये मापदण्ड |
| | | सह शिक्षा शाला | कन्या शाला | सह शिक्षा/कन्या शाला | सह शिक्षा शाला | कन्या शाला | सह शिक्षा/कन्या शाला |
| 1 | जनसंख्या | 3000 | 6000 | 3000 | 1500 | 3000 | 200 |
| 2 | इसी प्रकार की विद्यमान शाला से निकटतम दूरी | 5 कि.मी. | 5 कि.मी. | 8 कि.मी. | 3 कि.मी. | 3 कि.मी. | 5 कि.मी. |
| 3 | पोषक शालाओं में फीडर कक्षाओं को कुल दर्ज संख्या | 100 | 100 | 100 | 80 | 80 | 80 |
| 4 | कालांतर में भवन निर्माण हेतु शासकीय/निजी (दान की) उपलब्ध भूमि का न्यूनतम क्षेत्रफल | 2 एकड वांछनीय | 2 एकड वांछनीय | 2 एकड वांछनीय यह जमीन शासकीय हो सकती है या निजी दान से प्राप्त की जा सकती है। | 2 एकड वांछनीय | 2 एकड वांछनीय | 2 एकड वांछनीय यह जमीन शासकीय हो सकती है या निजी दान से प्राप्त की जा सकती है। |
| 5 | जन सहयोग | अन्य बाते समान होने पर जनसहयोग उपलब्ध होने पर किसी स्थान को प्राथमिकता दी जायेगी। | | | | | |
| 6 | टीप | 1. यदि क्षेत्र की शालाओं में कुल दर्ज छात्रा संख्या इतनी हो कि शिक्षक – छात्रा अनुपात 1:45 से अधिक हो गया हो तो दूरी की शर्त लागू नहीं होगी।<br>2. किसी शर्त विशेष को विशेष परिस्थितियों में शिथिल करने का अधिकार आयुक्त लोक शिक्षण को होगा ।<br>3. शाला की स्थापना करने वाली जनपद पंचायत को यह संकल्प पारित करना होगा कि वह शीघ्र ही विद्यालय के भवन निर्माण की व्यवस्था करेगा । हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी तथा माध्यमिक विद्यालय भवन हेतु विभाग से तथा प्राथमिक/कनिष्ठ विद्यालय हेतु जनसहयोग रा.यो. आदि के बजट से वित्तीय व्यवस्था की जायेगी । | | | | | |

सही/–
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

अनुभाग अधिकारी
स्कूल शिक्षा विभाग
शाखा-2

परिशिष्ट–1

**ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने के लिए नये मापदण्ड**

## (क) हाई स्कूल

**अनिवार्यता**

1. बसाहट से 5 कि.मी. की परिधि में हाई स्कूल की सुविधा न होना ।
2. पोषक माध्यमिक शालाओं की कक्षा 8 वीं में छात्रों की दर्ज संख्या 80 से कम न होना ।
3. कक्षा 9 वीं में संभावित नामांकन न्यूनतम 30 होना ।
4. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार न्यूनतम जनसंख्या 2000 होना ।

**प्राथमिकता**

1. स्कूल के लिए न्यूनतम 2 एकड़ जमीन होना । यह जमीन शासकीय हो सकती है या निजी दान से प्राप्त की जा सकती है ।
2. रूपये 10 लाख जन सहयोग उपलब्ध होने पर संबंधित स्थान को प्राथमिकता देना । ( इस राशि में विधायक निधि/सांसद निधि से प्राप्त राशि भी शामिल होगी तथा यह राशि अधोसंरचना विकास पर व्यय की जाएगी । )

## (ख) हायर सेकेण्डरी स्कूल के मापदण्ड

**अनिवार्यता**

1. बसाहट से 8 कि.मी. की परिधि में हायर सेकेण्डरी स्कूल की सुविधा न होना ।
2. पोषक हाई स्कूल की कक्षा 10 वीं में छात्रों की दर्ज संख्या 100 से कम न होना।
3. कक्षा 11 वीं में संभावित नामांकन न्यूनतम 30 होना । वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार न्यूनतम जनसंख्या 3000 होना ।

**प्राथमिकता**

1. स्कूल के लिए न्यूनतम 2 एकड़ जमीन होना । यह जमीन शासकीय हो सकती है या निजी दान से प्राप्त की जा सकती है।
2. रूपये 15 लाख जन सहयोग उपलब्ध होने पर संबंधित स्थान को प्राथमिकता देना । ( इस राशि में विधायक निधि/सांसद निधि से प्राप्त राशि भी शामिल होगी तथा यह राशि अधोसंरचना विकास पर व्यय की जाएगी । )

अनुभाग अधिकारी
स्कूल शिक्षा विभाग
शाखा-2

सही/–
अवर सचिव,
म0प्र0शासन,स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय